प्रेस विज्ञप्ति

राज भवन, राँची

दिनांक : 16 जनवरी, 2025 :-

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज राज भवन उद्यान में कार्यरत कर्मियों राज भवन के गुलाब ‘एलिना वेराइटी’ के ‘रोज सोसाइटी ऑफ रांची’ द्वारा आयोजित ‘100वें रोज शो’ में ‘क्वीन ऑफ द शो’ और ‘विनर ऑफ द शो’ के रूप में चयनित होने हेतु सम्मानित किया। विदित हो कि राज भवन के गुलाब ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में 22 श्रेणियों में से 8 श्रेणियों में प्रथम स्थान और 8 श्रेणियों में द्वितीय स्थान हासिल किया।

राज्यपाल महोदय ने उद्यान कर्मियों की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया कि वे समर्पण और लगन के साथ कार्य करते रहें। उन्होंने कहा कि राज भवन उद्यान नागरिकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। यहाँ आने वाले लोग गुलाब की विभिन्न प्रजातियों की सुंदरता देखकर इसकी सराहना करते हैं।